देवघर में 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना'

चर्चा में क्यों?

27 जुलाई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार देवघर ज़िले के ग्रामीण इलाकों को शहरों से जोड़ने के लिये 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना'को धरातल पर लाने के लिये विभागीय तैयारियाँ तेज हो गयी है।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत हर दिन ज़िले की 149 पंचायतों के अंतर्गत ग्रामीण मार्गों से शहर मुख्यालय तक 22 से 42 सीटर बसें चलेंगी।
- ये बसें हर दिन अलग-अलग रूट मिलाकर रोजाना कुल 1533 किलोमीटर का सफर तय करेंगी। सभी प्रखंडों से अपनी-अपनी पंचायतों का रूट तय कर इसकी सूची परिवहन विभाग को सुपुर्द कर दी गई है। अब डीसी की अध्यक्षता में बैठक कर इस पर अंतिम निर्णय लेने के बाद राज्य मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा जाएगा।
- इस योजना के शुरू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिये अब शहर आना आसान हो जाएगा। इससे लोगों को रोज़गार तो मिलेगा ही, योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को परिवहन की सुविधा का लाभ भी मिलेगा।
- राज्य के वरिष्ठ नागरिक, राज्य के मान्यता प्राप्त आंदोलनकारी आवेदन के पात्र होंगे। साथ ही अपनी उपज को बाज़ार तक पहुँचाने और शिक्षा व चिकित्सा के लिये शहर आने-जाने वाले भी पात्र होंगे।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/-mukhyamantri-gram-gaadi-yojana-in-deoghar